**खुली पोल** | घुघरी बस स्टैंड का बिछिया तिराहा बना तालाब, रसूखदारों के अतिक्रमण से जल निकासी ठप

# जिम्मेदार मौन : भीगे कपड़ों में स्कूल जाने मजबूर मासूम



**नवभारत, घुघरी.** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने स्थानीय मुख्यालय घुघरी में प्रशासनिक दावों और ग्राम पंचायत की खोखली व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। घुघरी बस स्टैंड अंतर्गत आने वाले बिछिया रोड तिराहे पर जलभराव के कारण स्थिति इस कदर बदतर हो चुकी है कि मुख्य मार्ग ने एक बड़े तालाब का रूप ले लिया है। नाली निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और रसूखदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण हर साल की तरह इस बार भी आम जनता को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बिछिया रोड तिराहे पर जलभराव का मुख्य कारण नहर की नाली और मुख्य चैंबरों पर किया गया अवैध निर्माण है। क्षेत्र के कुछ रसूखदार अतिक्रमणकारियों ने नाली के ऊपर ही फर्शीकरण कर लिया है, जिसके चलते पानी की निकासी पूरी तरह ठप हो चुकी है। अब आलम यह है कि जरा सी बारिश होते ही नाली का गंदा पानी सड़कों पर उफनने लगता है।

### भीगे कपड़ों में पढ़ाई करने को मजबूर स्कूली बच्चे

इस प्रशासनिक लापरवाही का सबसे बड़ा और दर्दनाक खामियाजा राहगीरों सहित मासूम स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। बच्चे घुटने भर गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे सुबह-सुबह ही उनके कपड़े और जूते पूरी तरह भीग जाते हैं। मुख्य मार्ग होने के कारण जब बड़े वाहन यहाँ से तेज रफ्तार में गुजरते हैं, तो गंदा पानी राहगीरों और मासूम बच्चों के ऊपर उछल जाता है। बच्चे दिनभर स्कूल में इन्हीं भीगे कपड़ों में बैठने को विवश हैं, जिससे उनके बीमार होने का खतरा बेहद बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और अधिकारी कुंभकर्णी नींद में हैं। बच्चों का भविष्य और जनता का स्वास्थ्य दांव पर लगा है।

### गंभीर संक्रमण फैलने की आशंका, दहशत में लोग

स्थानीय निवासियों ने कहा कि तिराहे पर बारिश का पानी कई दिनों तक इसी तरह जमा रहता है। बारिश थमने और धूप निकलने के बाद यह रुका हुआ पानी सड़ने लगता है, जिससे दुर्गंध और संक्रमण फैलने की संभावना दोगुनी हो जाती है। बरसात के इस मौसम में इतने लंबे समय तक जलभराव रहने से अब इलाके में मलेरिया, डेंगू, डायरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है, जिससे स्थानीय लोग बेहद डरे हुए हैं।

### जनता की मांग, स्थाई न सही, अस्थाई समाधान तो करे

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन और ग्राम पंचायत थोड़ी भी तत्परता दिखाए, तो नाली के ऊपर से अवैध अतिक्रमण को हटाकर पानी निकासी का एक अस्थाई रास्ता तुरंत बनाया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि हर साल सामने आने वाली इस गंभीर समस्या पर न तो स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही ग्राम पंचायत इस ओर ध्यान देने को तैयार है। जिम्मेदारों का यह मौन किसी बड़ी जनहानि या महामारी को आमंत्रण दे रहा है।

# मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन आज भी उपेक्षा का शिकार

**यात्री सुविधाओं और नई ट्रेनों के विस्तार के लिए रेलवे संघर्ष समिति मुखर**



**मंडला।** करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित मंडला जिले का महत्वपूर्ण मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन आज भी विकास और अपेक्षित यात्री सुविधाओं की राह देख रहा है। जिले की जनता, सामाजिक संगठनों और राष्ट्रीय रेलवे संघर्ष समिति द्वारा लंबे समय से की जा रही माँगों के बावजूद अब तक रेलवे प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों में भारी निराशा व्याप्त है।

राष्ट्रीय रेलवे संघर्ष समिति के सदस्य अखिलेश सोनी ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता सहित उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। समिति का मानना है कि यदि इन रेल सेवाओं का विस्तार होता है, तो जिले के पर्यटन, व्यापार, शिक्षा और रोजगार को नई गति मिलेगी।

समिति के सदस्य अखिलेश सोनी ने बताया कि समिति की प्रमुख रेल मांगों में पेंचवेली एक्सप्रेस का मंडला फोर्ट स्टेशन पर नियमित ठहराव सुनिश्चित कर यात्रियों के लिए दरवाजे खोले जाएं। विद्यार्थियों, व्यापारियों और मरीजों की सुविधा के लिए मंडला फोर्ट से नागपुर व राजधानी भोपाल के लिए शीघ्र रात्रिकालीन ट्रेन सेवा शुरू की जाए। जबलपुर, मंडला के बीच संचालित ट्रेनों के समय में यात्रियों की सुविधा के अनुसार पुनः संशोधन किया जाए।

### स्टेशन परिसर में इन बुनियादी सुविधाओं की दरकार

ट्रेनों के विस्तार के साथ समिति ने स्टेशन की लचर व्यवस्थाओं को भी उजागर किया है। समिति ने मांग की है कि स्टेशन तक जाने वाले पहुंच मार्ग का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए और मार्ग सहित पूरे परिसर में पर्याप्त हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएं। इसके अलावा स्टेशन पर लंबे समय से बंद पड़े वॉशरूम व शौचालयों को तत्काल चालू करने, स्वच्छ व शीतल पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने और परिसर में यात्रियों के बैठने के पर्याप्त इंतजाम व साफ-सफाई बढ़ाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई गई है।

## एक नजर में



### माध्यमिक संगीत शिक्षक पद पर कुमकुम शुक्ला का चयन

**अंजनियां.** जिले के अंजनियां निवासी कुमकुम शुक्ला का चयन मध्य प्रदेश माध्यमिक संगीत शिक्षक (गायन-वादन) पद पर हुआ है। चयन के बाद उनकी पदस्थापना संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल निवास में की गई है। कुमकुम शुक्ला सेवानिवृत्त शिक्षक रोहिणी प्रसाद शुक्ला के सुपुत्र हैं। उनके चयन की जानकारी मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। जानकारी अनुसार कुमकुम शुक्ला लंबे समय से संगीत के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। मेहनत लगन और निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने यह सफलता हासिल की है। अब वे संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल (निवास) में संगीत शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। उनके चयन से विद्यालय में संगीत शिक्षा को मजबूती मिलने के साथ ही विद्यार्थियों को गायन एवं वादन का बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा। क्षेत्र के नागरिकों ने इसे अंजनियां एवं मंडला जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विश्वास जताया कि कुमकुम शुक्ला अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### खेती कार्य के दौरान गई जान

**घुघरी.** घुघरी थाना क्षेत्र के ग्राम बनिया में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब किसान अपने खेत में नागर से जुताई का कार्य कर रहा था। जानकारी के अनुसार ग्राम बनिया निवासी किसान तुलसीराम तिलगाम खेत में कृषि कार्य में जुटे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदल गया और आकाशीय बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गए। घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा प्रशासन को सूचना दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जिले में 11 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई

**मंडला।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 5 जुलाई 2026 के दौरान 170.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 565 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 394.6 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जुलाई 2026 को मंडला में 8.6 मि.मी. दर्ज की है।

# खेलते-खेलते कुएं में गिरे दो मासूम भाई-बहन, डूबने से मौत



**भुआबिछिया।** मंडला जिले के मोतीनाला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंढ़ा के पोषक ग्राम जैतपुरी में रविवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ एक खुले कुएं में डूबने से दो मासूम भाई-बहन की दर्दनाक मौत हो गई।

बताया गया कि बच्चों के पिता रमेश तेकाम ने बताया कि वह रविवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण वे घर पर बच्चों को छोड़कर सब्जी आदि खरीदने बाजार गए हुए थे। इसी दौरान क्षेत्र में अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे घर के सामने स्थित पुराना टूटा हुआ कुआं पानी से लबालब भर गया। खेलते-खेलते दोनों मासूम बच्चे कुएं के पास चले गए और पानी का अंदाजा न मिलने के कारण उसमें डूब गए। जिससे उनकी मौत हो गई।

### घंटों तलाश के बाद कुएं में मिले शव

परिजनों ने बताया कि जब वे बाजार से वापस लौटे, तो बच्चे घर पर नहीं मिले। लगभग ढाई से तीन घंटे तक आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की गई, जब घर के पास स्थित पुराने कुएं में देखा गया, तो दोनों भाई-बहन पानी में डूबे हुए मृत अवस्था में मिले।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही मोतीनाला थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मोतीनाला थाना के एएसआई श्याम लाल धुर्वे ने बताया कि मृतकों की पहचान 5 वर्षीय बालक नंदन तेकाम और उसकी बहन नंदिनी तेकाम पिता रमेश तेकाम के रूप में हुई है।

**मंडला पुलिस ने संभाली कमान, बाजारों से लेकर गांवों तक चलाया बड़ा साइबर जागरूकता अभियान**

# डिजिटल अरेस्ट और यूपीआई फ्रॉड से नागरिकों को बचाएगी पुलिस




**मंडला।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मंडला जिले में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक स्तर पर सेफ क्लिक 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों, स्थानीय बाजारों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, यूपीआई, ओटीपी, क्यूआर कोड फ्रॉड और वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट जैसे गंभीर साइबर अपराधों के तौर-तरीकों से अवगत कराया।

जानकारी अनुसार जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न थानों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें थाना महाराजपुर से थाना प्रभारी डॉ. जयसिंह यादव के नेतृत्व में ग्राम मानदेही और इमलीगोहान में कोटवारों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से घर-घर मुनादी कराकर सुरक्षा संदेश दिया गया। थाना नैनपुर से एसडीओपी मनीष राज एवं थाना प्रभारी मंशाराम वगेन के नेतृत्व में आमजन को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एनसीआरपी और सीईआईआर पोर्टल की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

### डिजिटल लेनदेन के गुर सिखाए

बताया गया कि थाना कोतवाली व चौकी हिरदेनगर के प्रभारी शफीक खान के निर्देशन में ग्राम छपरी सहित स्थानीय बाजारों और चौकों पर महिलाओं, दुकानदारों और ग्रामीणों को सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के गुर सिखाए गए। यातायात पुलिस ने बस स्टैंड पर यात्रियों व चालकों को जागरूक किया, वहीं बीजाडांडी पुलिस ने बालिका छात्रावास, खुटा पड़ाव और मनेरी क्षेत्र में बैनर पोस्टर के माध्यम से करीब 250 विद्यार्थियों, बुजुर्गों और महिलाओं को जागरूक किया।

# मवई की समस्याएं सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष उठीं

**अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश**



**मवई.** विकासखंड मवई के ग्राम पीपरीमाल एवं घोटा में आयोजित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याएं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय कुशराम के समक्ष प्रमुखता से उठाई गईं। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं युवाओं ने मवई क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की खराब स्थिति, बैंकिंग सुविधाओं के अभाव, मुख्य मार्ग निर्माण की धीमी गति तथा वर्षा ऋतु में बार-बार बाधित होने वाली विद्युत आपूर्ति का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि कमजोर नेटवर्क के कारण संचार सेवाएं प्रभावित होती हैं,जबकि बैंकिंग सुविधाओं के लिए लोगों को कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। वहीं सड़क निर्माण में देरी और बारिश के दौरान बिजली व्यवस्था बाधित रहने से आमजन को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद और जिला पंचायत अध्यक्ष ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा वर्षाकाल में बिजली आपूर्ति बहाल करने के कार्य में तेजी लाने के लिए मवई विद्युत वितरण केंद्र को वाहन उपलब्ध कराने की बात कही गई। जिससे फॉल्ट की स्थिति में कर्मचारी समय पर पहुंचकर सुधार कार्य कर सके। मोबाइल नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए दूरसंचार विभाग के क्षेत्रीय महाप्रबंधक से चर्चा करने, बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के लिए एलडीएम मंडला को आवश्यक कार्रवाई करने तथा सड़क निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**युवा लेखक अनुरुद्ध कुमार शास्त्री का उपन्यास मलहेरी प्रकाशित, साहित्य जगत में चर्चा**

# 5वें दिन एमेजॉन बेस्ट सेलर सूची में 211वें स्थान पर पहुंची कृति

**निवास/मंडला।** हिंदी साहित्य जगत में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में युवा लेखक एवं कवि अनुरुद्ध कुमार शास्त्री का बहुप्रतीक्षित उपन्यास मलहेरी प्रकाशित हो गया है। सामाजिक यथार्थ, श्रमिक जीवन के संघर्ष, ग्रामीण परिवेश की संवेदनाओं और सपनों के लिए संघर्षरत युवाओं की कथा को समेटे यह उपन्यास पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो रहा है। इसकी बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रकाशन के मात्र पांचवें दिन ही यह उपन्यास एमेजॉन की बेस्ट सेलर सूची में 211वें स्थान पर पहुंच गया है।






**इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद साहित्य और समाज को चुना :** उपन्यास के लेखक अनुरुद्ध कुमार शास्त्री मूलत: एनआईटी भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद उन्होंने साहित्य और सामाजिक सरोकारों को अपनी लेखनी का केंद्र बनाया। वर्तमान में वे आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के विकासखंड निवास में प्रदान संस्था में कार्यरत हैं। वे लंबे समय से समाज के उस वर्ग की पीड़ा, संघर्ष और आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति दे रहे हैं, जो अक्सर मुख्यधारा की चर्चाओं से दूर रह जाता है।

# विधायक ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**घुघरी।** जिले की बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने घुघरी में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक ने विभिन्न विभागों के विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी घुघरी सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य विकास कार्यों की प्रगति का आकलन कर प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने और गौ हत्या बंद करने की उठी मांग

**घुघरी पहुंचे संत महाराज, गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर सनातनी व गौ सेवकों में उत्साह**




**घुघरी।** देश भर में गौवंश की रक्षा और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च सम्मान दिलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा गौ सम्मान आह्वान अभियान अब मध्य प्रदेश में तेजी से गति पकड़ रहा है। इसी अभियान के तहत मंडला जिले की घुघरी तहसील में पूज्य संतों का आगमन हुआ, जिनके स्वागत और दर्शन के लिए क्षेत्र के गौ सेवकों, सनातनियों और आम नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया। तहसील में आयोजित विशेष बैठक के दौरान अभियान से जुड़े महाराज जी ने आम जनता और गौ भक्तों को संबोधित करते हुए इस आंदोलन के मुख्य उद्देश्यों और दूरगामी सोच पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**गौ माता को मिले राष्ट्र माता का दर्जा :** महाराज जी ने कहा कि समस्त संतों का यह साझा प्रयास है कि वर्तमान सरकार द्वारा गाय को केवल पशुओं की श्रेणी में न रखकर, संविधान में उन्हें राष्ट्र माता, राष्ट्र देव या राष्ट्र आराध्या का सर्वोच्च संवैधानिक पद प्रदान किया जाए। देशव्यापी स्तर पर गौवंश की हत्या को पूरी तरह प्रतिबंधित करने और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए एक मजबूत केंद्रीय कानून बनाने की मांग की जा रही है। गाय की उपयोगिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पुनर्जीवित करने के लिए गोबर और गोमूत्र से निर्मित जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया।

**लापरवाही** | युवा कांग्रेस का आरोप : शासन-प्रशासन की उदासीनता से अधर में लटका मवई-कुडेला मार्ग का काम

# पहली बारिश में ही दावों की खुली पोल, आवागमन संकट में



**नवभारत, मवई।** आदिवासी बाहुल्य मवई विकासखंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मवई, कुडेला मुख्य मार्ग के निर्माण में घोर लापरवाही की गई है। वर्ष 2022-23 में स्वीकृत और 2024 में शुरू हुए इस मार्ग का निर्माण कार्य कछुआ गति से चलने के कारण, बरसात शुरू होते ही 100 से अधिक गांवों का संपर्क संकट में पड़ गया है। मार्ग के दो महत्वपूर्ण पुल आज तक अधूरे हैं, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं और ग्रामीणों के सामने सुरक्षित आवागमन की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है।

युवा कांग्रेस विधानसभा बिछिया के अध्यक्ष बोधू सिंह मरावी ने इस स्थिति के लिए प्रदेश की मोहन सरकार और जिला प्रशासन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री और कलेक्टर मंडला को पत्र सौंपकर समय रहते कार्रवाई की मांग की गई थी। उस दौरान कलेक्टर द्वारा बरसात में आवागमन बाधित न होने देने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन शुरुआती बारिश ने ही प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है। बोधू सिंह मरावी ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा निर्माण एजेंसी पर प्रभावी निगरानी न रखने और प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण आदिवासी अंचल की जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर है।

### युवा कांग्रेस की प्रमुख मांगें

युवा कांग्रेस ने मांग की है कि मवई, कुडेला मुख्य मार्ग के अधूरे पुलों और शेष सड़क निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए। लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसी और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई कर जवाबदेही तय की जाए।

# बबलिया में नि :शुल्क साईकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**बबलिया।** शासकीय माध्यमिक शाला देवरी कला बबलिया में मध्य प्रदेश शासन की लोक-कल्याणकारी योजना के तहत छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया, सरपंच रूप सिंह पंद्राम और उपसरपंच संजय सोनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



जानकारी अनुसार आदिवासी और सुदूर ग्रामीण अंचल से आने वाली छात्राओं को जैसे ही नई साइकिलें मिलीं, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया ने कहा कि इस योजना से गरीब और आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को स्कूल आने-जाने में बड़ी सुविधा होगी। अब वे बिना किसी परेशानी के समय पर स्कूल आ-जा सकेंगे, जिससे उनकी पढ़ाई-लिखाई और बेहतर होगी।

उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सीधे हमारे भोले-भाले ग्रामीण छात्रों को मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी सरकार की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर पंच बाबूलाल यादव, मनीष नामदेव, प्रधान पाठक निगम दास मोंगर, रामचरण मरकाम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीण और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।